कानपुर में नाबालिग चला रहा था नकली नोटों की छपाई का गैंग, अब तक बाजार में खपा चुका 3 लाख के नोट

उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक नाबालिग लड़का नकली नोटों को छापने का गैंग चला रहा था. पुलिस का कहना है कि आरोपी केवल 100 के नोट छापता था. आरोपियों के पास से एक प्रिंटिंग मशीन के साथ ही 42 हजार के नकली नोट बरामद किए गए हैं. फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है



उत्तर प्रदेश के कानपुर में पुलिस ने दो ऐसे आरोपियों को पकड़ा है, जो नकली नोट छापकर बाजार में चला रहे थे. आरोपियों में एक नाबालिग है. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है. यह कार्रवाई घाटमपुर पुलिस ने की है. पुलिस का कहना है कि गैंग हर महीने 25 से 30 हजार तक के नकली नोट बाजार में चलाता था. आरोपियों से पूछताछ की जा रही है

पुलिस के अनुसार, अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपियों ने बीते तीन माह में लगभग तीन लाख के नकली नोट बाजार में खपा दिए हैं. आरोपी मोबाइल गेम में छह लाख रुपए हार गए थे, जिसके बाद नकली नोटों के छापने का रास्ता चुना. पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किए गए नकली नोटों को देवास (मध्य प्रदेश) लैब में जांच के लिए भेजा है. पुलिस ने 42 हजार के नकली नोट किए बरामद

घाटमपुर पुलिस का कहना है कि युवक नकली नोट छापने के बाद दुकानों में जाकर चलाता था. युवक ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनके साथियों ने बीते तीन माह में लगभग तीन लाख के नकली नोट बाजार में चलाए हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से एक प्रिंट मशीन समेत 42 हजार के नकली नोट बरामद किए हैं.

Source: https://www.aajtak.in/crime/news/story/kanpur-fake-notes-printing-gang-minor-running-3-lakh-notes-been-spent-market-lcla-1548117-2022-10-02